सूचना और प्रसारण मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री (श्री पी० उपेन्द्र) : फिलहाल, वाराणसी में दूरदर्शन की दूसरे चैनल की सेवा शुरू करने की कोई अनुमोदित स्कीम नहीं है ।

आतंकवादियों को पाकिस्तान द्वारा सहायता दिए जाने के विरुद्ध भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ से अपील

148. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र संघ का ध्यान जम्मू और कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा उग्रवादियों और अलगाववादियों की सहायता किए जाने की ओर दिलाया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल): (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

श्री जे० एस० खुड्डिया, संसद सदस्य की मृत्यु के संबंध में प्रतिवेदन

149. **श्री मुरलीधर चन्द्रकांत भंडारे**: क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पंजाब से निर्वाचित लोक सभा के संसद सदस्य, श्री जे० एस० खुड्डिया की हत्या की जांच करने वाली समिति द्वारा सरकार को कब तक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिए जाने की संभावना है ?

गृह मंत्री (श्री मूफ्ती मोहम्मद सईद): पंजाब सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार इस विषय पर उनके द्वारा नियुक्त की गयी समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 11 अप्रैल, 1990 तक का समय दिया गया है ।

आपरेशन ब्लू-स्टार के दौरान जब्त किए गए अस्त्र तथा गोला बारूद

150. **श्री सुरेश कलमाडी** : क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने 'आपरेशन ब्लू स्टार' के दौरान स्वर्ण मंदिर अमृतसर से जब्त किए गए सभी अस्त्रों तथा गोला बारूद को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति को वापस करने का निर्णय किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह मंत्री (श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद): (क) और (ख) पंजाब सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार स्वर्ण मंदिर परिसर से बरामद किए गये अस्त्र तथा गोला बारूद जिनके वैध लाइसेंस हैं उन्हें विशेष कोर्ट जोधपुर के आदेश से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को वापस किया जा रहा है ।

Return of Tamil refugees to Sri Lanka

151. SHRI M. VINCENT: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) what is the total number of Tamil refugees who have gone back to Sri Lanka after the Indo-Lanka accord in 1987 and the details in this regard;

(b) whether it is also a fact that the Tamil refugees are again coming back to India;

(c) if so, what is the number thereof during the last six months; and

(d) the steps taken by Government to deal with the present trend of refugees coming back to India?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI MUFTI MOHAMMAD SAYEED): (a) After the signing of Indo-Sri Lanka accord of July, 1987, 25585 refugees were returned to Sri Lanka under the arrangement made by the Government of India, in 50 batches between 24th December, 1987 and 31st March, 1989. Apart from this, 19581 refugees have also returned to Sri Lanka of their own between July, 1983 and October, 1987.